हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री

12 योग साधकों ने प्राचीन महाकालेश्वर शिव मंदिर की धार्मिक यात्रा कर भगवान भोलेनाथ का लिया आशीर्वाद



12 विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा, रामायण के मंचन से लूटी जमकर वाहवाही



## खबर संक्षेप

### एक्टिवा सवार ने व्यक्ति से छीने दस हजार रुपये

**यमुनानगर।** गांव ससौली के नजकी एक्टिवा सवार एक युवक ने व्यक्ति से दस हजार रुपए छीन लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात एक्टिवा सवार युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक ससौली निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोपहर दो बजे के करीब वह गांव में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान अचानक उसके पास एक एक्टिवा सवार युवक पहुंच गया। इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपी उससे दस हजार रुपये छीनकर फरार हो गया। उनसे तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी।

### युवक व महिला के खातों से उड़ाए 5 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने जगाधरी में युवक और महिला के बैंक खातों से फोन हैक करके 5 लाख 6 हजार 695 रुपये ठग लिए। दोनों मामलों में ठगों ने पीड़ितों के फोन हैक कर ऑनलाइन ठगी की। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दोनों की शिकायत पर अलग अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक जगाधरी की सावनपुरी कॉलोनी निवासी राहुल ने पुलिस को गी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसका फोन हैक कर लिया गया। इसके बाद अज्ञात ने आनलाइन उसके खाते से 1 लाख 19 हजार 695 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली।

# कुरुक्षेत्र व पानीपत में भड़के किसान

## पोर्टल पर गलत ब्योरे से भड़के किसान, नायब तहसीलदार कार्यालय पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धान की सरकारी खरीद के बीच पोर्टल पर फसल और जमीन का गलत ब्योरा दर्ज होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में गैर-बासमती धान होने के बावजूद पोर्टल पर बासमती दर्ज करने और कृषि भूमि को बंजर दिखाने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के सदस्यों ने थानेसर नायब तहसीलदार कार्यालय पर ताला जड़कर रोष जताया। किसानों का आरोप है कि करीब 20 दिन से अधिकारियों के चक्कर काटने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पोर्टल पर गलत जानकारी के कारण धान बेचने और गेट पास बनवाने में दिक्कत आ रही है। यूनियन के जिला प्रधान जयभगवान ने बताया कि सुनहेड़ी खालसा, बीड़ अमीन, तिगरी खालसा और इस्हाकपुर सहित कई गांवों के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। किसान एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों के कार्यालयों के चक्कर काट चुके हैं। समाधान शिविर में भी शिकायत दी गई, लेकिन किसानों के अनुसार समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी उन्हें एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय भेजते रहे, लेकिन पोर्टल पर दर्ज गलत विवरण ठीक नहीं किया गया। बीड़ अमीन निवासी किसान रविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी करीब 13 किल्ले जमीन के पोर्टल पर पहले गैर-बासमती धान का विवरण दर्ज था। अब करीब सात एकड़ जमीन पर बासमती धान दिखाया जा रहा है। वहीं, लगभग दो किल्ले जमीन को खेती योग्य दिखाने के बजाय बंजर दर्ज कर दिया गया है। किसान ने आरोप लगाया कि वह पटवारी से तीन बार संपर्क कर चुके हैं। हर बार पोर्टल अपडेट होने की बात कही गई, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। उनका यह भी आरोप है कि वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने के लिए पटवारी खेत में नहीं पहुंचे और कार्यालय में बैठकर ही जानकारी अपडेट कर दी गई। मौके पर पहुंचे एसडीएम अमन कुमार ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत की और समस्या को ठीक करवाने का आश्वासन दिया लेकिन किसानों का कहना है कि जब तक उनकी समस्या का हल नही होता वे तहसीलदार कार्यालय का ताला नही खोलेंगे।



कुरुक्षेत्र। तहसीलदार कार्यालय पर ताला जड़कर रोष जताते यूनियन के कार्यकर्ता व किसान।

### पहले भी दिया था अल्टीमेटम

यूनियन के महासचिव दिलबाग बारवा ने कहा कि कई गांवों से पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज होने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने मांग की कि गलत फसल और जमीन के विवरण को तुरंत ठीक कराया जाए तथा पटवारियों को खेतों में भेजकर वास्तविक स्थिति की जांच कराई जाए। गौरतलब है कि यूनियन ने 23 अक्तूबर को मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर सोमवार तक पोर्टल पर दर्ज गलत जानकारी ठीक करने का अल्टीमेटम दिया था।

## भाकियू का जिला सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन, मंडियों से पीआर धान का उठान व बिजली निगम से मुआवजे की मांग

**पानीपत।** पानीपत जिला की मंडियों में प्रदेश सरकार द्वारा खरीदी गई पीआर धान का उठान नहीं होने और गांव नैन, भाऊपुर, कालखा, भादड़, खुखराना, जाटल, सुनौता, नोहरा, फरीदपुर, रामगढ़ आदि गांवों के खेतों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन बिजली की लाइनों के मुआवजे को लेकर किसानों ने जिला सचिवालय पर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और धरना दिया। बैठकर धरना दे रहे थे। किसानों का आरोप है कि मंडियों में पीआर धान का उठान नहीं हो रहा, जिससे उनकी फसल का भुगतान अटका हुआ है। वहीं, हाईटेंशन तारों के लिए निर्धारित नीति के अनुसार मुआवजा नहीं मिलने से भी किसान परेशान हैं। किसानों ने दो दिन तक धरना देने का निर्णय लिया है। बुधवार दोपहर बाद बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। भाकियू जिलाध्यक्ष दिलबाग बिंझौल ने बताया कि हाईटेंशन बिजली लाइन के मुआवजे का मुद्दा भी किसानों के विरोध का प्रमुख कारण रहा। किसानों के अनुसार, करीब 12 गांवों के 400 किसान इस समस्या से प्रभावित हैं। उनका कहना है कि बिजली लाइन के लिए खेतों में खंभे तो लगा दिए गए हैं, लेकिन अभी तक तार नहीं लग पाए हैं। इधर, आंदोलनकारी किसानों की मांग है कि हाईटेंशन लाइन के लिए जमीन के बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित नीति के अनुसार मुआवजा दिया जाए। उनका कहना है कि जिस किसान की जमीन या खेत बिजली लाइन से प्रभावित हो रहे हैं, उसे नियमानुसार मुआवजा मिलना चाहिए। किसानों ने कहा कि मंडियों से धान की फसल उठान में देरी के कारण किसानों को उनकी उपज का भुगतान मिलने में भी दिक्कत हो रही है। किसानों का कहना है कि फसल बेचने के बाद समय पर भुगतान नहीं मिलने से उनकी अगली फसल और घरेलू खर्चों का प्रबंधन प्रभावित होता है।



पानीपत। जिला सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन करते हुए किसान।

## घरौंडा मंडी में बिना गेट पास पहुंचीं धान की तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, एफआईआर दर्ज

- किसान पंजीकरण के कथित दुरुपयोग से यूपी के धान की ई-खरीद की आशंका, पुलिस खंगालेगी खरीद से लेकर तौल तक के रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

खरीफ खरीद सीजन में धान की आवक और सरकारी खरीद प्रक्रिया पर निगरानी के बीच घरौंडा की नई अनाज मंडी में संदिग्ध आवक के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मार्केट कमेटी सचिव सुनील कुमार की शिकायत पर थाना घरौंडा में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(4), 336(2) और 61 के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आशंका जताई गई है कि हरियाणा के किसान पंजीकरण और 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के विवरण का कथित दुरुपयोग करके उत्तर प्रदेश से लाए गए धान की ई-खरीद करवाई गई हो सकती है। अभी आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है।

शिकायत के अनुसार, 25 अक्तूबर को सुबह करीब 7:45 बजे नई अनाज मंडी के गेट नंबर-3 से तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना गेट पास दाखिल हुईं। इन वाहनों का संबंध गांव बल्लाह निवासी कृष्ण और मंडी स्थित मैसर्स भीम सिंह संस, जिसके प्रोपराइटर अमित मान बताए गए हैं, से जोड़ा गया है। मंडी में भौतिक सत्यापन के दौरान धान की आवक से संबंधित संभावित अनियमितताओं की आशंका सामने आने के बाद मार्केट कमेटी ने पुलिस को शिकायत दी।

### किसान पंजीकरण से लेकर तौल रिकॉर्ड तक की होगी जांच

शिकायत में धान के वास्तविक स्रोत और किसान पंजीकरण विवरण के संभावित दुरुपयोग की जांच की मांग की गई है। पुलिस से किसान पंजीकरण और भूमि रिकॉर्ड, ई-खरीद प्रणाली के ऑडिट रिकॉर्ड, गेट पास, वाहनों की आवाजाही, खरीद एवं तौल से जुड़े दस्तावेजों और उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की जांच करने का अनुरोध किया गया है। संबंधित फर्म को मार्केट कमेटी की ओर से कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

### स्थानीय किसानों के हित सुरक्षित रखने पर जोर

जिला प्रशासन ने मंडियों में धान की आवक और खरीद प्रक्रिया पर निगरानी बढ़ाई है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश से धान लाकर करनाल की मंडियों में अनधिकृत रूप से बेचने से जुड़ी अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पिपली आश्रम फायरिंग मामले में हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पिपली स्थित सतलोक आश्रम पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने के आरोपी प्रेमचंद को गिरफ्तार किया है। करनाल जिले के गांव अरजेहड़ी निवासी आरोपी को अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। वहीं, घटना के बाद सोशल मीडिया पर एक कथित ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें संत रामपाल को धमकी दिए जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस ने अभी तक फायरिंग के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार के अनुसार, आरोपी प्रेमचंद पर फायरिंग करने वाले आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है।

## सीजेएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

- लिया पराली प्रबंधन का जायजा

इंद्री के गांव सांतड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कृषि विभाग की ओर से कैंपेन किसान सशक्तिकरण एवं चेतना अभियान के तहत किसानों के हितों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीजेएम मीनाक्षी यादव ने मुख्य रूप से शिरकत कर किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की। सीजेएम ने किसानों को पराली प्रबंधन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। किसानों ने भी अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी, जिन पर विचार-विमर्श करते हुए सीजेएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद सीजेएम मीनाक्षी यादव और कृषि विभाग की टीम ने खेतो मे जाकर बडगौत्रा सेवा समिति द्वारा किए जा रहे पराली प्रबंधन का जायजा लिया। इस दौरान दिल्ली से आई एनजीटी विभाग की डॉ. कोमल ने कहा कि किसान पराली जलाने के बजाय अब उसका उचित प्रबंधन करने को लेकर जागरूक हो रहे हैं।

## तरावड़ी मंडी में धान उठान पर घमासान, आढ़ती भड़के

- फर्श पर बैठकर आढ़तियों ने जताया विरोध, ठेकेदार की मनमानी पर उठे सवाल, मार्केट कमेटी सचिव ने दी ठेका रद्द करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अनाज मंडी से धान के उठान में देरी को लेकर आढ़तियों का गुस्सा फूट पड़ा है। मंडी में धान की बोरियों का अंबार लगा हुआ है, लेकिन समय पर उठान नहीं होने के कारण आढ़तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे बने कि नाराज आढ़ती मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और वहीं फर्श पर बैठकर अपना विरोध जताया। आढ़तियों ने मार्केट कमेटी के सचिव को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसपोर्ट ठेकेदार के खिलाफ शिकायत की। उनका आरोप है कि ठेकेदार समय पर धान का उठान नहीं करवा रहा है और आढ़तियों के साथ बदतमीजी से पेश आता है। मंडी में धान का ढेर बढऩे से कामकाज प्रभावित हो रहा है और आढ़तियों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। इसी को लेकर उन्होंने प्रशासन से ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उसका ठेका रद्द करने की मांग उठाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए मार्केट कमेटी के सचिव ने संबंधित ठेकेदारों को बुलाकर जल्द से जल्द धान का उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ चेतावनी दी गई कि अगर तय समय पर उठान नहीं हुआ, तो ठेका रद्द करने की कार्रवाई की जा सकती है। इस मौके पर मंडी पूर्व प्रधान शीशपाल गुप्ता, भगवानदास, अशीष जैन, मुकेश गुप्ता, शुभम बंसल, सौरभ गर्ग, नीटू सिंगला, मोनू जैन, प्यारा लाल काठपाल सहित सैंकड़ो आढती मौजूद थे।



तरावड़ी। मार्केट कमेटी कार्यालय मे उठान ना होने से आड़ती रोष प्रदर्शन करते हुये।

### बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की सड़क हादसे में मौत

**यमुनानगर।** रादौर-बकाना मार्ग पर मंगलवार को गांव बकाना के नजदीक टैंपो की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी टैंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव खजूरी निवासी रामानंद(43) बिल्डिंग मटेरियल (रेत-बजरी) सप्लाई करने का काम करता था। मंगलवार को वह रादौर से मोटरसाइकिल पर सामान लेकर घर लौट रहा था। इस दौरान वह गांव बकाना के नजदीक पहुंचा तो वहां से तेज गति से गुजर रहे टैम्पो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को तुरंत अस्पताल में ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### जानलेवा हमला करने वाला तीसरा आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए श्री टीम ने जानलेवा हमला करने वाले तीसरे आरोपी राहुल पुत्र राजा निवासी गांव बडेसरा बवानी खेड़ा जिला भिवानी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना मतलौडा की उरलाना चौकी में सुरेंद्र पुत्र रामफल निवासी गांव कुराना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है। इधर, अदालत ने आरोपी राहुल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## पेट्रोल पंपों पर लगेंगे पीयूसी नहीं तो ईंधन नहीं' के बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 'प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) नहीं तो ईंधन नहीं' के चेतावनी बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर परिवहन विभाग हरियाणा द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत दिए गए। डीसी मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने पिछली बैठक के लंबित एजेंडों की समीक्षा की और पोर्टल पर चिह्नित सभी दुर्घटना संभावित स्थलों को जल्द ठीक करने तथा सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अराईपुरा रोड पर लटकती बिजली की तारों को ठीक करने और समानाबाहु गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने को कहा। उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजना के महाप्रबंधक को शहर में लगे कैमरों की बैटरियों की जांच करवाने और जरूरत के अनुसार उन्हें बदलने के निर्देश भी दिए। समिति के सदस्य विपिन ने कैथल रोड और अस्पताल चौक पर पुलिस पोस्ट बनाने का सुझाव दिया। इस पर डीसी ने नगर निगम अधिकारियों को अस्थायी पुलिस पोस्ट बनवाने के निर्देश दिए। संदीप लाठर के सुझाव पर आईटीआई चौक के पास जाम की समस्या दूर करने के लिए एसडीएम करनाल को मौके का निरीक्षण करने को कहा गया। एनबीजीआर के पास सफाई, गति अवरोधक लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

### नशीला पदार्थ रखने के आरोपियों को सुनाई कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी देवराज वासी वासी बरोड़ जिला सोलन हिमाचल प्रदेश को 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी जयमल ने बताया कि 24 जुलाई को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक गुरदेव सिंह, एसआई जगपाल, हवलदार बलदेव कुमार, नसीब सिंह, संजीव कुमार, एसपीओ सुरेन्द्र कुमार व गाड़ी चालक हवलदार प्रवीन कुमार की टीम मुर्तजापुर बस अड्डा के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार देवराज वासी बरोड़ जिला सोलन हिमाचल प्रदेश को एनएच-152 डी मुर्तजापुर के पास नाकाबन्दी करके कैन्टर सहित काबू किया था।

## ठगों ने अग्निवीर को जाल में फंसाया, एटीएम कार्ड के जरिए बैंक से एक लाख रुपये साफ किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बातों में फंसाकर ठगी करने वाले शातिर अब सेना के जवानों को भी निशाना बनाने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला छावनी रेलवे स्टेशन पर सामने आया है, जहां नागपुर से पटियाला जा रहे एक अग्निवीर को ठगों ने भरोसे में लेकर उसका मोबाइल, सिम और एटीएम कार्ड चोरी कर लिया। इसके बाद बैंक खाते से यूपीआई के जरिए 1,05,000 रुपये निकाल लिए। राजकीय रेलवे पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अंबाला स्टेशन पर ठगी का शिकार हुआ अग्निवीर

वर्धा (महाराष्ट्र) के अग्निवीर मेश्राम लोकेश सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नागपुर से ट्रेन पकड़कर अंबाला पहुंचे थे। प्लेटफॉर्म 1 से 1ए की तरफ जाते समय एक अनजान व्यक्ति उनसे ट्रेन के समय के बारे में पूछने लगा। तभी दूसरा व्यक्ति वहां आया और घबराहट का नाटक करते हुए बोला कि वह रेड-लाइट एरिया में पुलिस रेड के दौरान बॉस के भागने के बाद कुछ नकदी लेकर बचा है। पीड़ित ने उसे पैसे पुलिस या बैंक में जमा कराने की सलाह दी लेकिन पहले ठग ने बहकाते हुए कहा कि पुलिस पैसे बांट लेगी, इसलिए हम ही इन्हें बांट लेते हैं। ठगों ने हिस्सा दिखाने के नाम पर घर से पैसे मंगवाए और यूपीआई पिन देखकर फोन को फ्लाइट मोड पर डाल दिया। इसके बाद चालाकी से मोबाइल व एटीएम चोरी कर भाग गए। पीड़ित ने तलाश के बाद आरपीएफ को सूचना दी और कार्ड ब्लॉक करवाए लेकिन तब तक शातिर 40 हजार, 30 हजार, तीन बार 10-10 हजार और 5 हजार यानी कुल 1.05 लाख रुपये निकाल चुके थे।

## मुनाफे का दिया लालच देकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ठगे 25 लाख

- पैसे मांगने पर आरोपी ने दी आत्महत्या करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर गांव समलेहड़ी की राजदुलारी से 25 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देश पर आर्थिक अपराध शाखा की ओर से की गई जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद थाना साहा में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गांव समलेहड़ी की राजदुलारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही रहने वाले जतिन्द्र ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया। आरोपी ने कहा कि उसने क्रिप्टो करेंसी में पैसे निवेश किए हैं, जिससे उसे अच्छा मुनाफा मिल रहा है। उसकी बातों में आकर महिला ने 5 जुलाई 2023 को 6 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी ने फरवरी 2024 में उज्जीवन बैंक साहा से 9.50 लाख रुपये का लोन करवाकर और रिश्तेदारों से 5 लाख रुपये लेकर कुल रकम ऐंठ ली। जून 2025 में कंपनी का काम दोबारा चलने का झांसा देकर एसबीआई से 4.50 लाख रुपये का लोन और करवा लिया।

## आध्यात्मिक जागृति की अविरल सरिता में संपन्न हुआ निरंकारी संत समागम

# ब्रह्मज्ञान को जीवन में उतारना ही जागृतिः मां सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

ब्रह्मज्ञान की वास्तविक सार्थकता उसे जीवन में अपनाने और अपने विचारों, व्यवहार एवं कर्मों में शामिल करने में है। ये भाव सतगुरु मां सुदीक्षा ने 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने पावन आशीर्वचनों द्वारा प्रदान किए। जागृति की आध्यात्मिक प्रेरणाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर स्वयं के उत्थान के साथ-साथ जगत कल्याण की भावना को सुदृढ़ करने वाला यह संत समागम कल रात्रि प्रेमभक्ति एवं श्रद्धा से ओतप्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। समागम से आध्यात्मिक प्रेरणा और मधुर स्मृतियां लेकर श्रद्धालु भक्तजन धीरे-धीरे अपने-अपने गंतव्यों की ओर प्रस्थान करने लगे।



पानीपत। निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर प्रस्तुति देते कलाकार।

### मां सुदीक्षा ने बताई जागृति की सच्ची राह

मां सुदीक्षा ने प्रवचनों में फरमाया कि जागृति केवल सत्संग या समागम तक सीमित नहीं बल्कि जीवन के हर पल में निराकार परमात्मा के अहसास के साथ जीने का नाम है। ब्रह्मज्ञान की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हम इसे अपने विचारों, व्यवहार और कर्मों में अपनाएं। सतगुरु माता जी ने सकारात्मक सोच, प्रेम, करुणा और विनम्रता अपनाने तथा दूसरों की कमियों के बजाय उनकी खूबियों को देखने की प्रेरणा दी। सच्ची जागृति का आरंभ अपने घर-परिवार और निजी जीवन से होता है। सेवा, सुमिरन और सत्संग को जीवन का अभिन्न अंग मानकर हर परिस्थिति में परमात्मा का एहसास बनाए रखना ही जीवन को सुखमय और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाता है। दूसरी ओर, समागम में कवि दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें 80 कवियों ने जागृति विषय पर आधारित अपनी स्वरचित कविताएं सुनाईं।

## खबर संक्षेप

### बीमारियों से बचाव को लेकर वातावरण को रखें स्वच्छः डॉ. प्रमोद



**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में रविदास मंदिर पटाक माजरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फाउंजेशन की मोबाइल मेडिकल वैन के चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों चेतन शर्मा व राजेश कुमार की टीम ने 106 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। वहीं 10 मरीजों के लैब टेस्ट करके मुफ्त दवाइयां दी गई। डॉ. प्रमोद सिंह ने कहा कि सही स्वच्छता न होने के कारण व खानपान ठीक न होने के बीमारियां फैलती हैं। बीमारियों से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता रखें। वहीं, अपने खान पान पर विशेष ध्यान दें। जिससे बदलते मौसम में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर राजकुमार शर्मा, मास्टर रामभज मोंगिया, मांगा रामपाल, आशा रानी, जगमाल सिंह, हरिराम धीमान व उषा सेतिया आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत लगाई संगोष्ठी

# देश की जनता अपने चाहने वालों को ही जिताएगी चुनाव: कंवरपाल

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने विधानसभा स्तर पर आयोजित प्रबंधजन संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** छछरौली में भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश में लोकतंत्र है। जनता जिसे चाहेगी उसने चुनाव जिताएगी और जिसे नहीं चाहेगी उसे चुनाव हरवाएगी। देश में आज जनता का राज है और लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने उक्त शब्द मंगलवार को भाजपा द्वारा लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत छछरौली में आयोजित की गई जगाधरी विधानसभा स्तर के प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी में उक्त बात कही। इस दौरान पूर्वमंत्री कंवरपाल ने कांग्रेस पार्टी व विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी नाकामी छुपाने के लिए कभी वोट चोरी,कभी एसआइआर,कभी इवीएम,कभी केन्द्रीय चुनाव आयोग का बहाना बनाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। लेकिन देश की जागरुक जनता जानती है कि कांग्रेस के राज में किस प्रकार का जमकर भ्रष्टाचार हुआ।पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा बार बार दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करके आम नागरिक को एवं व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। यह सारा दृश्य आम जनता बहुत ध्यान से देख रही है। त्यौहारों के सीजन में इस प्रकार के गलत कार्यों की वजह से देश के नागरिकों में कांग्रेस के प्रति नाराजगी और ज्यादा बढ़ती जा रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों द्वारा यह झूठ फैलाया जा रहा है कि देश में 13 करोड़ से ज्यादा लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं।

#### नेहा बोरा और अभिजीत दीपके जैसे लोग देश में चाहते है बांग्लादेश जैसे हालातः पूर्व मंत्री

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आज नेहा बोरा और अभिजीत दीपके समेत इस प्रकार के लोग देश को बांग्लादेश जैसे हालात की ओर ले जाना चाहते हैं। कांग्रेस की छवि देश आजाद होने के बाद एक शासक राजा की छवि रही है। वह राजा की छवि से अभी तक भी बाहर नहीं आई है। कांग्रेस की छवि एक ऐसे राजा की है जो अपनी प्रजा पर सदा किसी ना किसी तरीके से राज तो करना चाहता है। लेकिन अपनी जनता को किसी भी प्रकार की सुख सुविधा प्रदान नहीं करना चाहता। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। देश की जनता अब समझ चुकी है और वह कांग्रेस के भ्रामक प्रचारों में आने वाली नहीं है। इसलिए देश के विभिन्न राज्यों में आज भाजपा चुनाव जीत रही है या छोटी रीजनल पार्टियां चुनाव जीत रही हैं।

#### कांग्रेस पार्टी जनता में न फैलाए भ्रामक जानकारी

उन्होंने कांग्रेस पार्टी को चैलेंज देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कम से कम 13 ही सही लोगों को सामने लेकर बता दे कि इनके वोट कटे हैं। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग, एसआइआर या इवीएम गलत हैं तो विपक्षी राजनीतिक पार्टियां हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक,केरलम व पंजाब आदि राज्यों के विधानसभा चुनावों में किस प्रकार जीती हैं। कांग्रेस के लोकसभा सांसद कैसे चुनाव जीते हैं। उन्होंने आम जनता से कांग्रेस के किसी भी भ्रामक प्रचार में ना आए जाने की अपील की। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त ज्ञान को स्कूलों में करें लागूः विश्वनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

समग्र शिक्षा अभियान यमुनानगर के तत्वावधान में मंगलवार को जगाधरी के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक मिद्यालय में जिले के स्कूलों के प्राचार्यों के लिए पांच दिवसीय लीडरशिप क्वालिटी एवं कैपेसिटी बिल्डिंग इन सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिले के स्कूलों के 60 प्राचार्य भाग ले रहें हैं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी केएस संधावा ने की।

मुख्यातिथि एवं एसडीएम जगाधरी विश्वानथ ने कहा कि विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में प्राचार्यों की नेतृत्व क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समग्र शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्यों के नेतृत्व कौशल को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी प्रतिभागी प्राचार्यों से आह्वान किया कि वह प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र का भरपूर लाभ उठाएं तथा यहां से प्राप्त ज्ञान, अनुभव और नवीन विचारों को अपने अपने विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करें। ताकि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ विद्यालयों की कार्यप्रणाली में भी सकारात्मक सुधार हो सके। मौके पर जिला परियोजना अधिकारी केएस संधावा ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्राचार्यों की नेतृत्व क्षमता एवं कार्यकुशलता को विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्राचार्य केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नहीं होता है।

# हैलोवीन जैसे उत्सव बच्चों में लाते हैं खुशी और आत्मविश्वासः रामनिवास

- दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया में हैलोवीन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** हैलोवीन उत्सव में आकर्षक वेश धारण किए हुए बच्चे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में हैलोवीन उत्सव का आयोजन किया गया। हैलोवीन उत्सव में नन्हें मुन्ने बच्चों ने चुड़ैल, भूत, वैम्पायर और सुपरहीरो के आकर्षक रुप धारण कर सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन राम निवास गर्ग ने रिबन काटकर किया। जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने जहां चुड़ैल, भूत, वैम्पायर और सुपरहीरो के आकर्षक रुप धारण कर सभी को रोमांचित कर दिया। वहीं, बच्चों ने कार्यक्रम में विभिन्न वेश धारण कर जमकर मस्ती की। मौके पर बच्चों ने मनमोहक संगीत पर डांस किया और फीड द पम्पकिन जैसे मजेदार खेल खेले। कॉस्ट्यूम परेड और खेल गतिविधियां दिन का मुख्य आकर्षण रहीं। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन राम निवास गर्ग ने कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी आयोजित होने वाली गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्सव बच्चों में खुशी और आत्मविश्वास लाते हैं और स्कूली जीवन को और भी यादगार बनाते हैं।



# ऐतिहासिक होगी कांग्रेस की वोट बचाओ देश बचाओं महारैलीः त्यागी

**यमुनानगर।** कांग्रेस द्वारा वोट बचाओ देश बचाओ को लेकर एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की जाने वाली महारैली ऐतिहासिक होगी। रैली में देश भर से लाखों लोग भाग लेंगे। उक्त शब्द यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे व पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने मंगलवार को टैगोर गार्डन में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में बतौर मुख्यातिथि कहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आहवान किया। पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट की रक्षा करना और जनता के अधिकारों की आवाज उठाना बेहद जरूरी है। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि धान के सीजन में किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार एमएसपी पर किसानों की फसलों को खरीदने का ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों,मजदूरों और आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के मुद्दों को उठाना चाहिए। ताकि लोगों की समस्याओं को उचित मंच पर पहुंचाया जा सके। रमन त्यागी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# शिक्षक बच्चों के साथ कक्षा में सद्भाव का करें व्यवहारः सोनाली कांबोज

- एमडीवीएम पब्लिक स्कूल में हुआ इन हाउस प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** शिविर में शिक्षकों को समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक।

एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में शिक्षकों के लिए समावेशी शिक्षा विषय पर इन हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में विषय विशेषज्ञ सोनाली कांबोज ने प्रशिक्षक के रुप में भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया।

प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ सोनाली कांबोज ने शिक्षकों को कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझते हुए उसे समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक सोनाली कांबोज ने शिक्षकों को बताया कि समावेशी शिक्षा ऐसी शिक्षण प्रक्रिया है। जिसमें प्रत्येक बच्चे को उसकी क्षमताओं, रुचियों और सीखने की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर दिया जाता है। इसमें विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को भी सामान्य कक्षा के शैक्षिक वातावरण में उचित सहयोग और सुविधाएँ प्रदान करना शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने, उनकी व्यक्तिगत भिन्नताओं को समझने, कक्षा में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा शिक्षण विधियों को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# वातावरण की स्वच्छता के प्रति निभाएं सक्रिय भूमिकाः भार्गव

**यमुनानगर।** इंटरनेशनल जेट फिनाइल कैमिकल इंडस्ट्रीज संस्थान द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत ममीदी में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मुख्यातिथि एवं संस्थान के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने संस्थान स्थल में सफाई करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान



संस्थान परिसर व उसके आसपास साफ सफाई कर वातावरण को स्वच्छ बनाया गया। मुख्यातिथि एवं संस्थान के वित्त निदेशक ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी है। हर एक व्यक्ति संकल्प ले कि हम अपने घर के आसपास साफ सफाई रखेंगे और किसी अन्य घर के दरवाजे पर कूड़ा नहीं डालेंगे। उन्होंने लोगों को वातावरण की स्वच्छता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आहवान किया। भार्गव ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे परिवेश की सुंदरता बढ़ाती है। बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से भी सीधा संबंध रखती है। उन्होंने लोगों से अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाए जाने के लिए आहवान किया। मुख्यातिथि अभिषेक भार्गव ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने में जेट फिनाइल का प्रयोग सहायक है। उन्होंने कहा कि जेट फिनाइल का प्रयोग करने से जहां कीटाणुओं का नाश होता है, वहीं, वातावरण स्वच्छ बनता है। उन्होंने दावा जताया कि जेट फिनाइल एक कीटाणुनाशक व सफाई करने वाला काला तरल पदार्थ ही नहीं है, बल्कि यह कीटाणुनाशक भी है।



# नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर करें कठोर कार्रवाईः कमलदीप गोयल

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में मंगलवार को नशा मुक्ति को लेकर पुलिस व संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिला को नशा मुक्त करना है। हरियाणा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में यह मुहिम चलाई जा रही है जिसके तहत पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, ड्रग्स विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी अगले एक महीने का एक्शन प्लान तैयार कर समुचित कार्रवाई करें। उन्होंने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नशे का कारोबार करने वालों पर कठोर कार्रवाई अमल में लाएं। बैठक में एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह व उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया आदि मौजूद रहे।

# सच्ची मेहनत और सपनों के सच होने का प्रतीक है तथास्तु शब्दः अशोक

**रादौर।** दामला के स्वराज पब्लिक स्कूल में माता स्वराज देवी की जयंती के उपलक्ष में वार्षिक उत्सव तथास्तु धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान उत्सव में विद्यार्थियों ने जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन अशोक कुमार ने भाग लिया। चेयरमैन अशोक कुमार ने कहा कि तथास्तु केवल एक शब्द ही नहीं है। बल्कि सच्ची मेहनत और सपनों के सच होने का प्रतीक है। जब कोई विद्यार्थी या व्यक्ति ईमानदारी, लगन व दृढ़ संकल्प के साथ कोई लक्ष्य तय करता है तो प्रकृति और ईश्वर का आशीर्वाद तथास्तु के रूप में उस सपने को हकीकत में बदल देता है। मुख्य अध्यापिका ज्योति नागपाल सेठी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा बारहवीं व दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे मेधावी बच्चों को 11 हजार, 5100 रुपये, 3100 रुपये व 2100 रुपये के नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।






# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा की झलक, प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में मंगलवार को द्वितीय वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम - उड़ान : सपनों को मिले नए पंख रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कलात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए समारोह को यादगार बना दिया। पूरा वातावरण उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की वंदना से हुआ जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। मौके पर मैनेजर पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा, शशि बटला, डॉ.अजय शर्मा, प्रमोद बंसल, डॉ.संजीव गर्ग, डॉ.विवेक शर्मा, डॉ.अनिल बुद्धिराजा, डॉ.माला शर्मा, ज्योति नागपाल, मनीषा सासन, सुभाष खुर्दबन, रेनू शर्मा, पूजा कालड़ा, प्रमोद ग्रोवर आदि मौजूद थे।



# न्यू राइजिंग स्टार स्कूल के विद्यार्थियों को करवाया शैक्षणिक और मनोरंजक भ्रमण

**रादौर।** न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडोली की ओर से मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों को एचटूओ फन एंड एडवेंचर पार्क ले जाया गया जहाँ बच्चों ने दिन भर जमकर मस्ती की। भ्रमण की शुरुआत सुबह विद्यालय परिसर से हुई। पार्क पहुँचते ही बच्चों का स्वागत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जिपलाइन, बर्मा ब्रिज, वॉल क्लाइम्बिंग, कमांडो नेट, रोप कोर्स, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग, ट्रैम्पोलिन, रेन डांस वेव पूल और सामूहिक टीम गेम्स जैसी अनेक साहसिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकालकर अपनी शारीरिक क्षमता को पहचानने, डर पर विजय पाने को विकसित करने का अवसर देना था। प्राचार्या हरमनदीप कौर ने कहा कि न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडोली का लक्ष्य बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। मौके पर साक्षी सैनी, लवली सिंह, शशि कुमार, कविता, अमरीको, सुश्री मुस्कान, नीतू, नीरू, मुकेश सतनाम आदि मौजूद थे।

### भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समाज का योगदान जरूरीः मेहता

भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा रादौर की पंजाबी धर्मशाला में हुई जगत जननी मां दुर्गा की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** मां दुर्गा की महाआरती में भाग लेते हुए श्रद्धालु।

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में जगत जननी मां दुर्गा व सतगुरु देव शक्तिपुत्र महाराज की मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु बीरबल ने मंच का संचालन किया। महाआरती के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं ने गुरुवर और मां के जयकारों के बाद तीन तीन बार शंखनाद किया। इस दौरान भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र मेहता ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

मेहता ने कहा कि जब जब इस पावन धरा पर अधर्म व असुरतव अपना प्रभुत्व स्थापित कर लेते हैं। तब तब प्रकृति स्वरुपा मां भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा जी की इच्छा अनुसार सिद्धाश्रम सिरमौर के संस्थापक संचालक परमहंस योगेश्वर ब्रह्म ऋषि स्वामी सच्चिदानंद महाराज अपने विभिन्न पात्र शिष्यों के साथ विभिन्न स्वरूपों में इस धरा पर जन्म लेकर सत्य धर्म का मार्ग प्रशस्त करते हैं तथा असुर्ताओं के विनाश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही समस्त जीवों को सुख शांति प्रदान करते हैं और मानव को मानवता का पाठ पढ़ाकर आत्मा से परमसत्ता के संबंध का ज्ञान कराते हैं। इस अवसर पर राय सिंह, कृष्ण त्यागी, राजेश बुबका, कविता अलाहर, लविश, सोहन लाल, राकेश, अनिल, दुष्यंत राठी, प्रियंका अमलोहा, नरेंद्र, शेर सिंह व प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

#### धरती पर दिनों दिन बढ़ रहा है पाप और अधर्म

मुख्यातिथि राजेंद्र मेहता ने कहा कि आज धरती पर दिनों दिन पाप बढ़ रहा है और अधर्म हो रहा है। यदि समाज आज भी जागरूक नहीं हुआ तो उसे आने वाले समय में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आज इंसान इतना गिर चुका है कि अपने स्वार्थ के लिए वह हर प्रकार की हदों को पार करने लगा है। आज अधिकांश युवा पीढ़ी नशा जैसी बुराई की चपेट में है। जिसे इस बर्बादी से बचाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इस नशा जैसी बुराई के दलदल से बचाने के लिए समाज का योगदान होना बेहद जरुरी है। समाज के कुछ लोग चंद पैसों के लालच में युवा पीढ़ी को नशा जैसी बुराई की दलदल में धकेल कर उन्हें बर्बाद करने पर तुले हैं। हम सभी की कर्त्तव्य ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी है कि युवा पीढ़ी को नशा जैसी बुराई से दूर करके अच्छे समाज का निर्माण करें।

# करवा चौथ को लेकर बाजारों में रौनक, सुहागिनों ने जमकर की खरीदारी

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का पर्व 29 अक्टूबर वीरवार को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। सुहागिन महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी हैं और साज-श्रृंगार से लेकर पूजा की सामग्री तक की जमकर खरीदारी कर रही हैं। लंबे समय से कारोबार में तेजी का इंतजार कर रहे व्यापारियों को भी त्योहारों के इस सीजन से राहत मिलने की उम्मीद है। बाजारों में सुबह से ही महिलाओं की आवाजाही देखने को मिल रही है। चूड़ियों, कॉस्मेटिक, कपड़ों और पूजा सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। दुकानदारों ने भी त्योहार को देखते हुए अपनी दुकानों को नए उत्पादों और आकर्षक सामान से सजाया है। करवा चौथ पर सजने-संवरने के लिए महिलाएं पारंपरिक परिधानों को प्राथमिकता दे रही हैं। कपड़ा बाजार में लाल और मैरून रंग की साड़ियों के साथ डोला सिल्क, जॉर्जेट, क्रेप और गोटा-पत्ती वर्क वाली डिजाइनर साड़ियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अलावा शरारा सेट और लहंगों की भी मांग देखने को मिल रही है।



कुरुक्षेत्र। बाजार में रखा करवा और पूजा की थाली का सामान।

### सोलह श्रृंगार तक की खरीदारी

*कॉस्मेटिक और श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ है। चूड़ियां, कंगन, बिंदी, सिंदूर और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की जा रही है। त्योहार के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए आकर्षक कंगन और सजावटी सामान महिलाओं को लुभा रहे हैं। करवा चौथ के पूजन के लिए मिट्टी और पीतल के करवे, सजी हुई पूजा की थालियां, छलनी, कलश, दीपक और करवा चौथ के कैलेंडर की बिक्री भी बढ़ गई है।*

## सात समंदर पार भी भारतीय संस्कृति की महक बरकरार

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाओं में उत्साह है। पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से रखे जाने वाले इस व्रत को महिलाएं प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक मानती हैं। नवविवाहित युवतियों में इस व्रत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। करवा चौथ व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं की प्रतिक्रिया।

### बदलते दौर में भी आस्था कायम : आंचल



एडवोकेट आंचल मंगला का कहना है कि समय के साथ त्योहार मनाने के तरीकों में बदलाव आया है, लेकिन करवा चौथ के प्रति महिलाओं की श्रद्धा आज भी कायम है। नई पीढ़ी भी इस परंपरा को उत्साह से अपना रही है। पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास ही वैवाहिक जीवन की सबसे बड़ी ताकत है।

### कनाडा में रहकर भी भारतीय संस्कारों से जुड़ावः अंशिका

*कनाडा में रह रही अप्रवासी भारतीय अंशिका वधावन ने बताया कि यह उनका पहला करवा चौथ व्रत है, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस खास अवसर को यादगार बनाने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहतीं। विदेश में रहकर भी भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखना उनके लिए गर्व और खुशी की बात है। वह पूरे श्रद्धा भाव से व्रत की तैयारियों में जुटी हैं।*



### प्यार और विश्वास का पर्व है करवा चौथः आंचल बंसल

*गृहिणी आंचल बंसल कहा की हर साल करवा चौथ का इंतजार रहता है। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को पूजा करना और चंद्रमा के दर्शन करके पति के साथ व्रत खोलना मन को खुशी देता है। यह पर्व हमारे रिश्ते की मधुर यादों से जुड़ा है। पति का सहयोग और परिवार का प्यार व्रत की थकान को भी खुशी में बदल देता है।*





### करवा चौथ पर देश और परिवार की यादः अन्नु जांगड़ा

पेरिस में रह रही अप्रवासी भारतीय अन्नु जांगड़ा ने बताया कि तीसरा करवा चौथ मेरे लिए पहले से भी अधिक खास है, क्योंकि अब इस पर्व से जुड़ी भावनाओं और परंपराओं को और करीब से महसूस कर रही हूं। पहले के करवा चौथ को उत्सुकता आज भी यादों में ताजा है, लेकिन इस बार पति के साथ बिताए खूबसूरत पलों की खुशियां अलग ही एहसास दे रही हैं।

## डिजाइनर साड़ियों व चूड़ियों की बढ़ी मांग

### करवा चौथ में झलकता है समर्पणः उर्मिल बंसल

उर्मिल बंसल ने बताया कि करवा चौथ मेरे लिए प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। महिलाओं में इस पर्व को लेकर खास उत्साह और उमंग होती है, वहीं समय के साथ इस त्योहार के प्रति आस्था-भावनाएं गहरी हो जाती हैं।



### पर्व का सबसे खास पल है चांद का दीदारः ज्योति

गृहिणी ज्योति रानी ने बताया कि करवा चौथ उनके लिए पति के प्रति प्रेम, विश्वास और समर्पण का पर्व है। सुबह निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को पूजा-अर्चना कर चांद के दर्शन करेंगी।



## खबर संक्षेप



### धूमधाम से संपन्न हुआ तीसरा अमृतवर्षा समागम

**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर तीसरा अमृतवर्षा समागम श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। यह समागम सतगुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित और महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। समागम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर एडवोकेट सतगुरु स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज ने की, जबकि मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में डेरा स्वामी जगतगिरि आश्रम के गद्दीनशीन संत 108 स्वामी गुरदीप गिरि जी महाराज उपस्थित रहे।

### कुरुक्षेत्र में 31 को बाबा श्याम का भव्य जागरण

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 31 अक्टूबर को बाबा श्याम के नाम की भक्ति की बयार बहेगी। शहर के थीम पार्क में बाबा श्याम का भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। उनके भजनों से जागरण में शामिल होने वाले श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जागरण को भव्य स्वरूप देने के लिए आयोजन स्थल पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थापित होंगे बूथ

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि दीपावली-2026 के शुभ अवसर पर पटाखों की बिक्री और उनके उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत जिले में निर्धारित स्थानों पर केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी बूथ स्थापित करने की अनुमति दी जाएगी। जिलाधीश मीणा ने जारी आदेशों में कहा कि संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अपने-अपने क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करेंगे तथा निर्धारित अवधि 6 नवंबर से 8 नवंबर 2026 तक अस्थायी लाइसेंस जारी करेंगे।

## महोत्सव में 33 विधाओं में 3 हजार से अधिक कलाकार दिखाएंगे प्रतिभा

# 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र आएंगी राष्ट्रपति रत्नावली महोत्सव का करेंगी आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव-2026 इस बार ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बनेगा। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहली बार रत्नावली राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन करेंगी। 1 नवंबर से 4 नवम्बर तक तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन समारोह 1 नवंबर को होगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रत्नावली महोत्सव के ब्रोशर का विमोचन करने के साथ-साथ हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में हरियाणा की लोक परंपराओं, लोक कलाओं, संगीत, नृत्य, नाट्य विधाओं और पारंपरिक जीवनशैली के विविध रंग देखने को मिलेंगे। महोत्सव में 33 सांस्कृतिक विधाओं के माध्यम से 3 हजार से अधिक कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हरियाणवी लोकगीत,



भजन, रागनी, एकल एवं समूह नृत्य, लूर, रसिया, सांग, नाटक, एकांकी, समूह गान, भाषण, प्रश्नोत्तरी, लोक वेशभूषा और फैशन शो सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महोत्सव के संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी ने बताया कि 1 नवम्बर को राष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति में होने वाले उद्घाटन समारोह के साथ महोत्सव को विशेष पहचान मिलेगी। प्रो. महासिंह पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रत्नावली महोत्सव की तिथियां पूर्व में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक निर्धारित की गई थीं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कुरुक्षेत्र आगमन के मद्देनजर रत्नावली महोत्सव का आयोजन 1 नवम्बर से किया जाएगा।

## हरियाणा दिवस पर कुरुक्षेत्र विवि में होगा भव्य राज्य स्तरीय हीरक जयंती समारोह

**लगभग 5 घंटे कुरुक्षेत्र में रहेंगी राष्ट्रपति, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध**

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कुरुक्षेत्र दौरे पर आना जिला वासियों के लिए बड़े हर्ष और गौरव का विषय है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के बनने के 60 वर्ष पूरे होने पर 1 नवंबर को हरियाणा दिवस का प्रदेश स्तरीय मुख्य हीरक जयंती समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हरियाणा दिवस के अवसर पर एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हरियाणा की 60 वर्ष की विकास यात्रा को समर्पित होगा। कार्यक्रम में हरियाणा के गठन से लेकर अब तक प्रदेश ने जिन क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए है, उन सभी को याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कुरुक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक होगा और हरियाणा के 60 वर्ष के गौरवशाली इतिहास को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है।



### भव्य प्रदर्शनी में दिखेगी हरियाणा की प्रगति और भविष्य की परिकल्पना

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में हरियाणा प्रदेश की प्रगति और आने वाले समय में प्रदेश की परिकल्पना को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में हरियाणा के 60 वर्ष के सफर को विभिन्न माध्यमों से दशार्या जाएगा। इसमें कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, महिला सशक्तिकरण, सूचना प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा विकास, हरियाणवी संस्कृति और विरासत से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। विशेष रूप से हरियाणा विजन-2047 के तहत भविष्य के हरियाणा की झलक भी प्रदर्शनी में दिखाई जाएगी।

## न्यूज डायरी

### कुरुक्षेत्र में एचएसवीपी का डिवीजन कार्यालय स्थापित होने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) का डिवीजन कार्यालय कुरुक्षेत्र में स्थापित करने की मांग पूरी होने पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में एचएसवीपी का डिवीजन कार्यालय स्थापित होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और स्थानीय निवासियों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो सकेगा। यह निर्णय कुरुक्षेत्र के शहरी विकास को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कुरुक्षेत्र में एचएसवीपी का डिवीजन कार्यालय स्थापित करने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत करवाया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एचएसवीपी का डिवीजन कार्यालय अंबाला में स्थित था, जबकि कुरुक्षेत्र में इस डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सेक्टरों की संख्या अंबाला की तुलना में काफी अधिक है। ऐसे में कुरुक्षेत्र के लोगों को अपने स्थानीय कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए अंबाला पर निर्भर रहना पड़ता था।

### किड्स डीपीएस के विद्यार्थियों ने किया कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



**कुरुक्षेत्र।** किड्स डीपीएस के कक्षा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के विद्यार्थियों के लिए कुरुक्षेत्र स्थित पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास, महाभारत की गौरवशाली गाथा तथा विज्ञान की रोचक अवधारणाओं से परिचित करवाना था। इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।कुरुक्षेत्र स्थित पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र एक प्रसिद्ध शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थल है। यहाँ महाभारत के युद्ध को जीवंत रूप में दशार्ने वाला पैनोरमा विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विशाल चित्रों, प्रभावशाली दृश्य-प्रस्तुति एवं ध्वनि प्रभावों के माध्यम से बच्चों को महाभारत की घटनाओं और कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को समझने का अवसर मिला।

### सौहार्द और भाईचारे की रोशनी से मजबूत होता है समाज : चंद्र मोहन



**कुरुक्षेत्र।** दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, विश्वास और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर भी है। इसी भावना के साथ शहर के वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन देवी दयाल शर्मा ने भी अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का संयोजन पंकज अरोड़ा एवं राकेश नरूला ने किया, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार कमल कौशिक ने संभाला। समारोह में पहुंचने पर दलबीर मलिक, राजीव अरोड़ा, अश्वनी वालिया, संजीव राणा, दर्शन कैत, राजकुमार वालिया, सुनील वधवा, राजेंद्र वर्मा, विनोद अरोड़ा, विनोद शर्मा और रणदीप रोड़ ने एसपी चंद्र मोहन का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार दलबीर सिंह मलिक, डॉ. राजेश वधवा एवं विकास बतान ने भी अपने विचार रखे। समारोह में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय की ओर से बलविंदर, पत्रकार सुशील शर्मा, सुधीर आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धा से मनाया महर्षि वाल्मीकि का प्रकट दिवस



**लाडवा।** वार्ड नंबर-8 स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि समाज एवं आश्रम सेवा समिति की ओर से भगवान महर्षि वाल्मीकि का प्रकट दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ए.डी.सी. टू सी.एम. महेंद्र सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सचिन गर्ग द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए पूजनीय हैं। उन्होंने पवित्र महाकाव्य रामायण की रचना कर समाज को आदर्श जीवन, मयार्दा और नैतिकता का संदेश दिया। समिति के प्रधान चमन लाल ने मुख्यातिथि सहित अन्य अतिथियों का फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में सुबह हवन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि रात को भगवान वाल्मीकि की महिमा का गुणगान करने के लिए जागरण आयोजित किया गया।

## चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर आयोजित बहुप्रशंसित प्रदेश स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम ऑनलाइन वोटिंग के माध्यम से जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से प्राप्त प्रविष्टियों में से चयन प्रक्रिया के आधार पर दोनों आयु वर्गों के टॉप-10 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। इसके बाद इन प्रतिभागियों की चित्रकला को ऑनलाइन वोटिंग के लिए प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए विजेता घोषित किया गया। समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कुरुक्षेत्र में परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों के साथ-साथ समाज के लोगों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। ऑनलाइन वोटिंग के माध्यम से लोगों को अपनी पसंद के प्रतिभागियों का समर्थन करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता के प्रथम आयु वर्ग (11 से 18 वर्ष) में नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ की अंजली गर्ग ने 2081 वोट प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद की भूमि ने 1564 वोटों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि फतेहाबाद के नैतिक श्योकंद 1071 वोट लेकर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार द्वितीय आयु वर्ग (18 से 45 वर्ष) में फतेहाबाद के कृष्ण कुमार ने 1146 वोट प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ की सीमा गुप्ता 882 वोटों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि भिवानी के ईशु बासिया ने 851 वोट प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

### सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा के विद्यार्थियों के लिए हरियाणा के सोनीपत स्थित मेरा गाँव, मेरा देश में एक मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीण जीवन, हरियाणवी संस्कृति तथा पारंपरिक मनोरंजन से जुड़े विभिन्न अनुभवों का आनंद लिया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह, मोनिका, मीना क्वात्रा, अरुण, राहुल, करण तथा दीक्षा उपस्थित रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे भ्रमण बच्चों को मानसिक रूप से तरोताजा करते हैं, उनमें नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं तथा उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने का अवसर प्रदान करते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने 50 से अधिक व्यंजनों वाले पारंपरिक हरियाणवी बुफे का आनंद लिया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, ऊँट की सवारी, झूलों, कठपुतली शो, जादू के शो, मेहंदी, हवाई करतबों और लाइव काव्य प्रस्तुतियों सहित अनेक मनोरंजक गतिविधियों ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया।

**कार्यक्रम** सीता देवी धर्मशाला में जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में प्रबुद्धजन सम्मेलन राष्ट्र चिंतन संवाद कार्यक्रम

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया

# लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान से जुड़कर जागरूकता फैलाने की जरूरत : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा की ओर से कैथल रोड पर सीता देवी धर्मशाला में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत प्रबुद्ध जन सम्मेलन राष्ट्र चिंतन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व पीडब्लूडी बीएंडआर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। जबकि जिलाध्यक्ष रमेश सैनी और जिला प्रभारी दीपक शर्मा वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जय भगवान शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की शुरूआत की है। इस मुहिम को हर युवा, हर हरियाणवी, हर खेत, हर चौपाल और हर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल भाजपा के नाम पर भ्रम फैलाने के लिए हर रोज एक नया झूठ लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सोचती है कि एक झूठ को 10 बार बोलने से लोग सच मान लेंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्रहित में अपनी इस जिम्मेदारी को समझकर अभियान से जुड़ना होगा।



**पिहोवा।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को स्मृति चिह्न भेंट करते भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी।

### पीएम के पिता पर की टिप्पणी की निंदा

भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के दिवंगत पिता पर की गई अशोभनीय टिप्पणी की सभी कार्यकर्ता घोर निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी अपमानजनक बयानबाजी कांग्रेस के वास्तविक चरित्र को उजागर करती है। लेकिन भाजपा का यह चरित्र नहीं है कि कांग्रेसियों के माता-पिता को लेकर कोई अशोभनीय टिप्पणी करें। खड़गे को देश की जनता खुद जवाब देगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश सैनी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, चेयरमैन गुरनाम सैनी, मार्केट कमेटी चेयरमैन तरणदीप वड़ैच, मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, बाबू राम रूआं, सुखबीर ईशाक, प्रदीप शर्मा, युधिष्ठिर बहल , नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणी, जिला महामंत्री देशराज शर्मा, मास्टर सतपाल, सुखवीर सैनी, हन्नू चक्रपाणी, इस्माईलाबाद चिरंजीव गर्ग, राकेश पुरोहित, सुरेंद्र ढींगरा, हरिओम अग्रवाल, विनोद डोलिया,रामधारी शर्मा, गीता डाबर , राजेंद्र बखली , जेपी मेहला , रामलाल सरपंच अरनैचा, सुखबीर कलसा, विकल चौबे सरपंच, नवीन गर्ग मंडी प्रधान,अजय कोरियोग्राफर, सोनू सूरमी, गुरतेज गुर्जर व गुलशन शर्मा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**अंबाला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला शहर में बाल अधिकारों एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य विषय मेरा बचपन, मेरा अधिकार सुरक्षित बचपन, उज्ज्वल भविष्य रहा। इसके अंतर्गत बच्चों को पॉक्सो कानून, बाल विवाह निषेध, बाल शोषण की रोकथाम तथा बच्चों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट हृषिता गोयल एवं पूर्व एडीजे जरनैल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### पराली जलाने वालों पर रखी जा रही नजर

**अंबाला।** उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जिला में धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को बढ़ावा देने और पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग द्वारा विशेष निगरानी व्यवस्था की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य खेतों में आग लगने की घटनाओं को रोकना, किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक विकल्पों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### सशक्त भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

**नारायणगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को बल्यू बैल्स पब्लिक स्कूलमें 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत मेरा बचपन, मेरा अधिकार और जागरूक बचपन, सशक्त भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आकांक्षा गोयल, जेएमआईसीने शिरकत की। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं से दसवीं तक के लगभग 700 विद्यार्थियों सहित स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि आकांक्षा गोयल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ।

### ग्रीन पटाखे चलाने की ही अनुमति

**अंबाला।** सर्दियों के महीनों में बढ़ते वायु प्रदूषण और आम जनता, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों व सांस के मरीजों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधीश एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले में पटाखों को लेकर आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं विस्फोटक नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते यह आदेश 8 नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक प्रभावी रहेगा। आदेशों के तहत सामान्य पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिले की सीमा के भीतर सभी प्रकार के सामान्य पटाखों, लड़ी वाले पटाखों और बेरियम साल्ट युक्त पटाखों के निर्माण, बिक्री, पटाखे बजाने तथा उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

*100 से अधिक बाल-बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया*

# चेस चैंपियनशिप में माइंड ट्री के विद्यार्थियों का जलवा, ओवरऑल ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चेस अकादमी द्वारा दूसरी जीसीजी मेमोरियल एक दिवसीय चेस चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंबाला शहर के विभिन्न विद्यालयों से 100 से अधिक बाल-बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 तथा ओपन वर्ग श्रेणियों के तहत बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विमला गौड़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों को अपना स्नेहपूर्ण आशीर्वाद देते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, दूरदर्शिता और सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने का एक बेहतरीन माध्यम है।

*प्रतियोगिता के दौरान अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 तथा ओपन वर्ग श्रेणियों के तहत बेहद रोमांचक मुकाबले खेले*



**अंबाला।** चेस चैंपियनशिप में बाजी मारने वाले बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

### खेलकूद सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक

चैंपियनशिप में माइंड ट्री स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट और शानदार खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में सर्वाधिक मेडल अपने नाम किए और ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह बेहद गरिमापूर्ण रहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. सरिता, एडवोकेट नमता गौड़ तथा प्रिंसिपल श्यामा मेहता सेंट जोसेफ स्कूल विशेष रूप से शिरकत की। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में कहाः डॉ. सरिता ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास जगाती हैं। प्रिंसिपल श्यामा मेहता ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और एकेडमी के इस प्रयास की सराहना की। अंडर-7 बालक वर्ग में मंगल शिवांश, अनहद खुरबंदा, मनन गौर व बालिका वर्ग में एक्शा जैन, भवनीत कौर, अंजलि शर्मा ने बाजी मारी।

### अंडर-11 के बालक वर्ग में रायांश त्रिशान सैधा, सक्षम ने बाजी मारी

अंडर-11 के बालक वर्ग में रायांश भारद्वाज, त्रिशान सैधा, सक्षम दत्ता ने बाजी मारी। बालिका वर्ग में अरवी अग्रवाल, तनष्वी जैन व अवरीत विजेता बनी। अंडर-13 के बालक वर्ग में आदित्य अग्रवाल, संधू समरजीत सिंह, अमन ने बाजी मारी व बालिका वर्ग में जयेशा अग्रवाल, निया शर्मा, सहजप्रीत कौर विजेता रही। अंडर-15 के बालक वर्ग में रघुवीर शर्मा, कुलप्रीत, गरवित वैद व बालिका वर्ग में निष्ठा, पी. पान्या श्री, सृष्टि दुआ ने बाजी मारी। अंडर-17 के बालक वर्ग में बछल हरसिमर सिंह, अयान सिंघला, ओंकारप्रीत सिंह लांबा व बालिका वर्ग में ताशी अग्रवाल, तन्वी महाजन विजेता बनी। पुरुषों के ओपन वर्ग में डेलिबन वी., शबदप्रीत सिंह, कुनाल छेत्री व महिला वर्ग में रिति गर्ग विजेता रही। प्रतियोगिता संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में शिल्पी जैन, मनीष शर्मा एवं रंदीप का विशेष सहयोग रहा।

## प्राचीन महाकालेश्वर शिव मंदिर की यात्रा कर भोलेनाथ का लिया आशीर्वाद

# योग साधकों ने भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की

**यात्रा में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ योग साधकों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

भारतीय योग संस्थान परिवार के योग साधकों ने कालाअंब के पास स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल झंडा मंदिर (महाकालेश्वर शिव मंदिर) और सत्कुंब (सात कुंभ) महादेव मंदिर की धार्मिक यात्रा कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान जलाभिषेक, पूजा-अर्चना, हवन और भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद एवं शांति का अनुभव किया।यात्रा के प्रथम चरण में योग साधक यमुनानगर जिले के शिवालिक पर्वतीय क्षेत्र में स्थित प्राचीन झंडा मंदिर महाकालेश्वर शिव मंदिर पहुंचे। यहां सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात हवन यज्ञ में 108 आहुतियां डालकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाभारत काल में भगवान शिव और माता पार्वती ने इस पहाड़ी पर समय व्यतीत किया था। संस्थान के वरिष्ठ योग साधक संजय धीमान ने बताया कि झंडा मंदिर में दर्शन करने के बाद सभी योग साधकों ने लगभग तीन किलोमीटर की पैदल यात्रा कर प्राचीन सत्कुंब (सात कुंभ) महादेव मंदिर में माथा टेका। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने आत्मिक शांति की कामना से यहां स्थित जलस्रोतों में स्नान किया था। पहाड़ी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, पवित्र जलधाराएं और शांत वातावरण श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराते हैं। सत्कुंब महादेव मंदिर पहुंचकर योग साधकों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर योग साधिका निशु सैनी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया।




**शहजादपुर।** यात्रा के दौरान मंदिर में मत्था टेकते योग संस्थान परिवार के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पहाड़ी सफर में दिखा स्टेमिना

भारतीय योग संस्थान परिवार के झंडा शिव मंदिर एवं ऐतिहासिक सत्कुंबा पवित्र स्थल के आध्यात्मिक भ्रमण ने श्रद्धा और आनंद के साथ-साथ योग साधकों की शारीरिक क्षमता और स्टेमिना को परखने का भी अवसर दिया। इस यात्रा में पुरुष योग साधकों के साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। सभी का उत्साह, आत्मविश्वास और शारीरिक सक्रियता देखकर यह अनुभव हुआ कि नियमित योग और व्यायाम शरीर को स्वस्थ एवं सक्रिय बनाए रखने में कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योग साधक का कहना था कि इस तरह के भ्रमण महीने में कम से कम एक बार अवश्य आयोजित होने चाहिए। इससे प्रकृति के बीच समय बिताने, आपसी मेलजोल बढ़ाने और अपनी शारीरिक क्षमता को परखने का अवसर मिलता है। साधकों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि नियमित रूप से योग कक्षा में आने से उन्हें काफी लाभ महसूस हुआ है। आज पहाड़ी रास्तों पर पैदल चलकर उन्होंने अपनी सहनशक्ति और स्टेमिना को स्वयं परखा। यह अनुभव सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि योग केवल आसन करने तक सीमित नहीं है, यह जीवन को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाने का माध्यम है। संजय धीमान ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा की विशेष बात यह रही कि इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। योग साधकों ने आपसी सहयोग और सामूहिक भावना के साथ पहाड़ी रास्ते पर पैदल यात्रा पूरी की। इस दौरान उन्होंने नियमित योगाभ्यास से मिलने वाली शारीरिक क्षमता, स्फूर्ति और सहनशक्ति का भी अनुभव किया। यात्रा ने सभी के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय योग संस्थान परिवार का उद्देश्य केवल योगाभ्यास करवाना ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कारों, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना भी है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे संस्थान की निःशुल्क योग कक्षा जो प्रतिदिन अहलूवालिया धर्मशाला में प्रातः 5 बजे से 6.15 बजे तक आयोजित होती है। योग कक्षा में नियमित रूप से भाग लेकर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का लाभ उठाएं। साथ ही धार्मिक यात्राओं, तीज-त्योहारों और महापुरुषों की जयंती जैसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# नप प्रत्याशी ने समर्थकों सहित थामा टीम चित्रा का हाथ



**अंबाला।** समर्थकों के साथ युवा नेत्री चित्रा सरवारा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

- महर्षि वाल्मीकि जयंती पर चित्रा सरवारा ने मंदिरों में नतमस्तक होकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा के नेतृत्व में टीम चित्रा को उस समय नया समर्थन मिला, जब वार्ड नंबर 32 से नगर परिषद का चुनाव लड़ चुकी मंजू रानी ने अपने पति लवली और साथियों संजय, राहुल, आकाश, सूरज, लखन व अन्य साथियों सहित टीम चित्रा का दामन थाम लिया। मंजू रानी और उनकी टीम ने चित्रा सरवारा के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए जनहित के मुद्दों पर उनके साथ मिलकर काम करने का संकल्प व्यक्त किया। मंजू रानी,लवली और उनके साथियों का स्वागत करते हुए चित्रा सरवारा ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही टीम चित्रा की सबसे बड़ी ताकत है। सभी साथियों को पूरा मान-सम्मान देते हुए एक परिवार की तरह साथ लेकर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य केवल वादे करना नहीं, बल्कि लोगों के बीच रहकर उनकी आवाज बनना, उनकी समस्याओं को उठाना और कठिन समय में उनके साथ खड़े रहना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अंबाला छावनी के नागरिकों के सुख-दुख और उनके जायज अधिकारों की लड़ाई में वह पूरी निष्ठा से साथ खड़ी रहेंगी।

### उज्ज्वल भविष्य की कामना

इसी अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व पर मुख्यातिथि में तौर पर विभिन्न मंदिरों में चित्रा सरवारा ने अपने नप सदस्यों सोनू गुज्जर, जीवन कुमार, राहुल सोनकर वीरू और नीलम कश्यप के साथ अंबाला छावनी के बीसी बाजार स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर तथा दलीपगढ़ स्थित वाल्मीकि मंदिर में माथा टेककर महर्षि वाल्मीकि के चरणों में नमन किया। उन्होंने समाज की सुख-समृद्धि, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए वाल्मीकि समाज के लोगों को जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सरवारा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें मानवता, समानता, करुणा, सदाचार और सामाजिक सम्मान का मार्ग दिखाती हैं। उनके आदर्शों का वास्तविक सम्मान केवल जयंती मनाने या श्रद्धा के शब्द व्यक्त करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और न्याय दिलाने के लिए कार्य करना चाहिए।

# मोदी के विवादित बयानों का जवाब दें मंत्री विज : धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



विनोद धीमा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष।

अंबाला शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद धीमान ने कांग्रेस के दलित नेता व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा किए जा रहे विरोध पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खड़गे ने किसी व्यक्ति के परिवार को अपशब्द कहने की नीयत से बयान नहीं दिया, बल्कि उनका भाव सत्ता के अहंकार और जनता के साथ हो रही ज्यादतियों के खिलाफ था। भारतीय समाज में अनेक कहावतें प्रचलित हैं। कहावतों का भाव समझने के बजाय बयान को राजनीतिक रंग देकर विवाद खड़ा करना भाजपा की दोहरी मानसिकता को दर्शाता है। धीमान ने कहा कि मर्यादा और संस्कारों की दुहाई देने वाले मंत्री अनिल विज पहले यह स्पष्ट करें कि उनके लिए भगवान श्रीराम सर्वोपरि हैं या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक निष्ठा। श्री राम मंदिर में चंदे को लेकर उठे विवाद पर उनकी प्रतिक्रिया क्या थी? अंकिता भंडारी हत्याकांड में आरोपी के रूप में नाम सामने आए व्यक्ति दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाए जाने के मुद्दे पर उन्होंने क्या रुख अपनाया।

# लंबे समय तक भूखे-प्यासे रहने से प्रेग्नेंसी में कॉम्पिलकेशंस का खतरा

- करवा चौथ पर जानें किन बातों का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



इस विषय पर डॉ. श्रुति कैंथ, सीनियर कंसल्टेंट, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, कोकून हॉस्पिटल, चंडीगढ़ का कहना है कि प्रेगनेंसी के दौरान लंबे समय तक भूखे-प्यासे रहना मां और गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखने से शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द और ब्लड प्रेशर कम होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। प्रेगनेंसी में शरीर को पर्याप्त पानी, एनर्जी और पोषक तत्वों की जरूरत होती है, ताकि मां की सेहत बनी रहे और बच्चे का विकास सही तरीके से हो सके। लंबे समय तक कुछ न खाने से ब्लड शुगर का स्तर कम हो सकता है, खासकर उन महिलाओं में जिन्हें डायबिटीज है या जो इंसुलिन लेती हैं। वहीं, ज्यादा देर तक पानी न पीने से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ सकता है। गंभीर स्थिति में मां की तबीयत बिगड़ सकती है और प्रेगनेंसी से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं। हालांकि, हर महिला पर इसका असर एक जैसा नहीं होता और केवल व्रत रखने से किसी कॉम्प्लिकेशन का होना तय नहीं है। जिन महिलाओं को पहले से खून की कमी, हाई या लो ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, लगातार उल्टी या दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं हैं, उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। प्रेगनेंसी के शुरुआती महीनों में उल्टी और जी मिचलाने की समस्या होने पर खाली पेट रहने से परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए प्रेगनेंसी में करवा चौथ का निर्जला व्रत रखने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। व्रत के दौरान चक्कर, घबराहट, बहुत ज्यादा कमजोरी या बेहोशी जैसा महसूस हो, तो तुरंत व्रत तोड़कर चिकित्सकीय मदद लें।

# मां भगवती के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा पंडाल

- प्रयास समाज सेवा संस्थान का 27वां भगवती जागरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य बाजार में अग्रवाल धर्मशाला के सामने प्रयास समाज सेवा संस्थान की ओर से आयोजित 27वां विशाल अर्धरात्रि भगवती जागरण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। मां भगवती के जयकारों और भजनों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। भजन गायक मोहित शुक्ला और उनके सहयोगी गायकों ने मां की महिमा का गुणगान कर ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते रहे। जागरण के लिए मां भगवती के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और सबके कल्याण की कामना की। भजन गायकों की मधुर प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन की रौनक बढ़ा दी। सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक मनोज शर्मा सहित संस्था के सदस्यों सुनील जैन, डॉ. कुलदीप गुप्ता, अमन गर्ग, गौरव गर्ग, राकेश बिंदल, चंचल सिंह, राकेश कौशिक, मुकेश मित्तल, राजिंदर राणा, मोनिका कालड़ा, नीति जैन का सहयोग रहा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो होमगार्ड जवान सम्मानित

**अंबाला।** पुलिस द्वारा ड्यूटी के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, जिम्मेदारी और उत्कृष्ट जनसेवा का परिचय देने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में दो होमगार्ड जवानों को सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने यातायात ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य करने पर होमगार्ड जवान राजेश कुमार और बलजिंदर सिंह को प्रशंसा प्रमाण पत्र क्लास-III तथा 200-200 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले होमगार्ड जवान राजेश कुमार (बेल्ट नंबर 224) और बलजिंदर सिंह (बेल्ट नंबर 366) यातायात पुलिस थाना शहजादपुर के अंतर्गत तैनात हैं। दोनों जवान नारायणगढ़-अंबाला रोड स्थित व्यस्त अग्रसेन चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ड्यूटी के दौरान दोनों जवानों ने यातायात को व्यवस्थित रखने, आम नागरिकों के साथ विनम्र एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार करने तथा अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने में सराहनीय योगदान दिया। उनके कार्य के प्रति समर्पण, सकारात्मक व्यवहार और कर्तव्यपरायणता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## रामलीला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया

# विद्यार्थियों ने रामायण के मंचन से लूटी जमकर वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** मेले में हिस्सा लेने वाले छात्र व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंबाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च में आयोजित 18वें वार्षिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बायो-सीएनजी उत्पादन पर आधारित परियोजना प्रस्तुत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, विद्यालय परिसर में आयोजित रामलीला में विद्यार्थियों ने विभिन्न पात्रों का प्रभावशाली अभिनय कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मेले में कक्षा 11वीं की खुशमीत कौर और यशवी ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार का परिचय देते हुए बायो-सीएनजी के उत्पादन पर आधारित परियोजना प्रस्तुत की। उनकी परियोजना को सराहना मिली और उन्होंने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए विद्यालय को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए विद्यालय को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया। इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य रामलीला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने रामायण के प्रमुख पात्रों का अभिनय कर भारतीय संस्कृति, आदर्शों और नैतिक मूल्यों का सुंदर संदेश दिया। कक्षा आठवीं के खुशप्रीत सिंह ने श्रीराम, कक्षा छठी की जानवी ने माता सीता, कक्षा सातवीं के नवताज सिंह ने लक्ष्मण, कक्षा पांचवीं के नवराज ने रावण तथा कक्षा छठी के नक्ष ने हनुमान जी की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों की आकर्षक वेशभूषा, प्रभावशाली संवाद अदायगी और सजीव अभिनय ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। रामलीला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया।

### राजयोगिनीं विजय दीदी को मिला विशेष सम्मान

**जींद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में आयोजित ग्लोबल समिट के दौरान संस्था की 90 वर्षों की गौरवशाली आध्यात्मिक यात्रा के उपलक्ष्य में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था से 50 वर्षों से अधिक समय से जुड़े वरिष्ठ भाई व बहनों को उनकी निस्वार्थ सेवाओं, त्याग, तपस्या एवं आध्यात्मिक समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में ब्रह्माकुमारीज जींद सर्कल इंचार्ज राजयोगिनी बीके विजय दीदी को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान दीर्घकालीन आध्यात्मिक समर्पण एवं ईश्वरीय सेवाओं के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। राजयोगिनी विजय दीदी लंबे समय से ब्रह्माकुमारीज संस्थान के माध्यम से राजयोग मेडिटेशन, नैतिक मूल्यों, नारी सशक्तिकरण, नशामुक्ति एवं समाज में शांति और सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।